# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर(छ॰ ग॰)
(A Central University established by the Central Universities Act, 2009 No.25 of 2009)
Tel: 07752-260000, 260342, 260148,260003, Fax: 07752-260154
Website: www.ggu.ac.in

क्रमांक 110 /परीक्षा/वि.वि. प्र.प./2018 बिलासपुर, दिनांक 10/05/2018

## कार्यालयीन ज्ञाप

विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा ( VET) 2018–19 का आयोजन दिनांक 12 एवं 13 मई, 2018 को किया जा रहा है।

परीक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु विश्वविद्यालय परिसर में 10 परीक्षा केन्द्र स्थापित किये गये है तथा परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचनाएँ/निर्देश/परिपत्र/ज्ञाप इत्यादि समय–समय पर परीक्षा एवं अकादमिक शाखा द्वारा जारी किये गये है।

उक्त के संबंध में समस्त संबंधितों की सुविधा हेतु निम्नानुसार सूचना इस ज्ञाप के माध्यम से प्रेषित है:–

1. परीक्षा शाखा द्वारा अधिसूचना क्रमांक 40, दिनांक 16/04/2018, आदेश क्रमांक 83 दिनांक 26/04/2018 परिपत्र क्रमांक 89, दिनांक 02/05/2018, आदेश क्रमांक 95, दिनांक 04/05/2018, कार्यालयीन ज्ञाप क्रमांक 92, दिनांक 03/05/2018 एवं आदेश क्रमांक 106, दिनांक 09/05/2018 के द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में वि.वि. प्रवेश परीक्षा हेतु स्थापित समस्त परीक्षा केन्द्रों में केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, समूह–स कर्मचारी एवं एम.टी.एस. कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु सूचनाएँ जारी की जा चूकी है अर्थात् परीक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न परीक्षा भवनों के परीक्षा दलों का गठन एवं इनमें यथा आवश्यक संशोधन की सूचनाएँ उपरोक्तानुसार जारी की जा चूकी है।

   वि.वि. प्रवेश परीक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु विश्वविद्यालय परिसर स्थित समस्त परीक्षा केन्द्रों हेतु एक वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष (समन्वयक ) की भी नियुक्ति की जा चूकी है।

2. परिपत्र क्रमांक 62/अकादमी/2018 दिनांक 03/05/2018 के द्वारा जिन पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन किया जाना है, उनके नाम, तिथियॉं एवं परीक्षा का समय प्रसारित किये जा चूके है।

3. अकादमी शाखा के द्वारा परिपत्र क्रमांक 78 दिनांक 07/05/2018 के द्वारा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–2018 –19 के सुचारू संचालन एवं बाहर से आये परीक्षार्थियों को तीन हेल्प डेस्क विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित किये गये है। इन हेल्प डेस्क पर उपस्थित रहने वाले अधिकारी, कर्मचारियों की सहयोग हेतु ड्यूटी लगाई जा चूकी है।

   अकादमी शाखा के द्वारा ही जारी परिपत्र क्रमांक 103, दिनांक 8/5/2018 के द्वारा –

   (अ) रजत जयंती सभागार में बाहर से आए परीक्षार्थियों के अभिभावको को परीक्षा अवधि में रूकने की व्यवस्था हेतु रजत जयंती सभागार प्रभारी को निर्देशित किया जा चुका है।

   (ब) परीक्षा तिथियों में विश्वविद्यालय परिसर में परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय चिकित्सा अधिकारी को यथासमय विश्वविद्यालय परिसर का दौरा करने तथा आवश्यकता पड़ने पर उचित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया जा चूका है।

(स) विश्वविद्यालय यांत्रिकी शाखा को विभिन्न परीक्षा केन्द्रों/भवनों में परीक्षा के दौरान अबाधित (निर्विघ्न) बिजली की आपूर्ति तथा परिसर में स्थित विभिन्न परीक्षा भवनों में पेयजल एवं जल आपूर्ति की व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया जा चुका है।

(द) परीक्षा तिथियों में/ परीक्षा अवधि में विश्वविद्यालय की केन्टीन को खुला रखने हेतु निर्देशित किया जा चुका है।

(इ) विश्वविद्यालय वाहन प्रभारी को परीक्षा तिथियों में दो बसे प्रातः 8.30 बजे से 10.15 बजे तक तथा अपरान्ह 1.30 बजे से 3.05 बजे तक विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से प्राणी विज्ञान विभाग के नवीन भवन तक लगातार संचालन हेतु निर्देशित किया जा चुका है।

(ई) परीक्षा तिथियों में परीक्षा के दौरान केन्द्रीय सुरक्षा अनुभाग के कर्मचारियों एवं केन्द्रीय सुरक्षा अनुभाग के अंतर्गत ठेके पर तैनात केन्द्रीय सुरक्षा कर्मियों को भी प्रवेश परीक्षा के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान कर परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु सतर्क रहने तथा परीक्षार्थियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया जा चुका है ।

4. ई–मेल दिनांक 07.05.2018 समय दोहपर 1.42 पर विश्वविद्यालय यंत्री एवं विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी यांत्रिकी शाखा को समस्त परीक्षा केन्द्र भवनों में बिजली, पानी और प्रकाश की व्यवस्था, समस्त परीक्षा केन्द्र भवनों के आसपास पार्किंग की व्यवस्था, आपातकाल में विद्युत विच्छेद होने पर इमर्जेंसी लाईट की व्यवस्था,, पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 2–3 टेंकर पेयजल की व्यवस्था, विभिन्न सहायता केन्द्रों में उपस्थित कर्मियों के बैठक एवं पेयजल की व्यवस्था, विद्युत विभाग को आवश्यक पत्र भेजे जाने का कार्य, विभिन्न परीक्षा केन्द्र भवनों के टायलेट में निस्तार हेतु पानी की व्यवस्था, विभिन्न भवनों के साफ–सफाई की व्यवस्था– विशेष तौर पर नवीन केमेस्ट्री बिल्डिंग एवं नवीन जूलाजी बिल्डिंग हेतु पूर्व में ही निर्देशित किया जा चुका है ।

5. विश्वविद्यालय के वेब साइड पर अकादमी शाखा के द्वारा विश्वविद्यालय के वेब साइड पर OMR सर्वसंबंधितों की जानकारी हेतु अपलोड किये जा चुके है ।

6. प्रवेश परीक्षा हेतु आवश्यक रोल लिस्ट में अकादमी शाखा के द्वारा विश्वविद्यालय के वेब साइड पर अपलोड किये जा चुके है ।

7. विश्वविद्यालय के ही वेब साइड पर समस्त पाठ्यक्रमों हेतु रोल लिस्ट भी अकादमी शाखा के द्वारा विश्वविद्यालय के वेब साइड पर अपलोड किये जा चुके है ।

8. विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा 2018–19 के संबंध में समस्त सुसंगत जानकारियॉ/सूचनायें विश्वविद्यालय के अकादमी शाखा के द्वारा अपलोड कराई कई है तथा विश्वविद्यालय के आईटी सेल के द्वारा विश्वविद्यालय वेब साइट का लिंक विश्वविद्यालय के फेसबुक पृष्ठ पर भी बनाया गया है ।

9. विश्वविद्यालय आदेश क्रमांक 105 दिनांक 10.05.2018 के द्वारा अकादमी शाखा ने एक अन्य हेल्प डेस्क क्रमांक–4 आईटी वर्कशाप के सामने भी स्थापित किया गया है तथा दो कर्मचारियों को पृथक से लंच पैकेट वितरण हेतु भी तैनात किया गया है ।

10. विश्वविद्यालय पत्र क्रमांक 108/परीक्षा/2018 दिनांक 10.05.2018 द्वारा दिनांक 12 एवं 13.05.2018 को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु बैठक व्यवस्था विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न भवन/विभाग में रखे जाने संबंधी जानकारी समस्त संबंधितों को जारी की गई है ।

11. अकादमी शाखा से प्राप्त सूचनानुसार प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक विभागों के विभागाध्यक्ष एवं समस्त अध्ययनशालाओं के अधिष्ठातागण इस अवधि में अपने–अपने विभागों में उपलब्ध रहते हैं, ताकि प्रवेश परीक्षाओं से संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाईयों को तत्काल निराकृत किया जा सके ।

अतः ऐसे समस्त शैक्षणिक विभागों के विभागाध्यक्षगण एवं समस्त अध्ययनशालाओं के अधिष्ठातागणों जिनको प्रवेश परीक्षा से संबंधित पृथक से कोई कार्य नहीं सौंपा गया है से अनुरोध है कि दिनांक 12.05.2018 एवं 13.05.2018 को आयोजित विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षाओं की अवधि में कृपया अपने शैक्षणिक विभागों में उपलब्ध रहे ।

12. विश्वद्यिालय कुलानुशासक, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, विश्वविद्यालय चिकित्सा अधिकारी, वित्ताधिकारी, सहायक कुलसचिव (वित्त) एवं विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगणों से अनुरोध है की दिनांक 12.05.2018 एवं 13.05.2018 को प्रवेश परीक्षा की अवधि में कृपया विश्वविद्यालय परिसर में आवश्यक व्यवस्थाओं में सहयोग एवं सहभागिता हेतु उपलब्ध रहे ।

13. विश्वविद्यालय यंत्री, विश्वविद्यालय वाहन प्रभारी, विश्वविद्यालय सुरक्षा प्रभारी, उपयंत्रीगण (विद्युत/सिविल) कृपया दिनांक 12.05.2018 से 13.05.2018 तक की प्रवेश परीक्षा से संबंधित समस्त कार्यो की अविलंब समीक्षा कर इन्हें 10.05.2018 एवं 11.05.2018 तक भली भांति पूर्ण कर ले तथा प्रवेश परीक्षाओं के दौरान निरंतर सर्वसंबधितों के संपर्क में रहे ।

**आदेशानुसार,**

**परीक्षा नियंत्रक ( कार्यवाहक )**

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

पृ0कमांक /// /परीक्षा/वि.वि. प्र.प./2018

बिलासपुर, दिनांक 10/05/2018

<u>प्रतिलिपि :–</u>

1. कुलपति/कुलसचिव के सचिव/निज सहायक की ओर मा. कुलपति/कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
2. समस्त केन्द्राध्यक्ष (वि.वि. प्रवेश परीक्षा) की ओर सूचनार्थ प्रेषित एवं वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष/समन्वयक वि.वि. प्रवेश परीक्षा को सूचनार्थ
3. वित्ताधिकारी/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण/कुलानुशासक, गुरू घासीदास वि.वि. बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
4. चिकित्सा अधिकारी/ मीडिया प्रभारी/ विश्वविद्यालय यंत्री/ वाहन प्रभारी/सुरक्षा प्रभारी की ओर सूचनार्थ।
5. उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अनुभाग अधिकारी (परीक्षा/गोपनीय/अकादमी/प्रशासन/भण्डार) की ओर सूचनार्थ।
6. समन्वयक, आई. टी. प्रकोष्ठ की ओर वेबपटल में अपलोड करने हेतु प्रेषित एवं मिडिया प्रभारी को सूचनार्थ।
7. थाना प्रभारी, कोनी, जिला– बिलासपुर (छ.ग.) की ओर वि.वि. प्रवेश परीक्षा तिथियों में सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।
8. कार्यालय प्रति।

10.5.018

**उप कुलसचिव ( परीक्षा )**

C:\USERS\V K MUNJE\DESKTOP\KKTIWARI\VET & UTD EXAM 2016-17(1)2018-19.DOC